Number of Pages in Booklet : **24**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **24**
Number of Questions in Booklet : **100**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **100**

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

1005536

Admission Test For PG Course
URATPG - 2024
Economics
Subject – 10

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ.एम.आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : Two hours/दो घण्टे **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from Serial no. 01 to Serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the **OMR** sheets by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में क्रमांक 01 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जायेगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को **ओ.एम.आर.** शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपने रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियां ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. Who distinguished between value in use and value in exchange and gave the famous example of diamonds and water?
   (A) Adam Smith
   (B) Marshall
   (C) Ricardo
   (D) Karl Marx

2. A demand curve, which is parallel to the horizontal axis, showing quantity, has the price elasticity equal to -
   (A) one
   (B) zero
   (C) less than one
   (D) infinity

3. The cost incurred by the firm in hiring labour is called as -
   (A) explicit cost
   (B) implicit cost
   (C) marginal cost
   (D) total cost

4. If the monopolist incurs loss in the short run, then in the long run -
   (a) he will go out of business
   (b) he will stay in business
   (c) he will break even
   (d) any of the above is possible

   (A) (a) only
   (B) (a) and (b)
   (C) (a) and (c)
   (D) (d) only

5. When income effect becomes stronger than substitution effect, the labour supply curve will -
   (A) slope upwards
   (B) slope positively
   (C) bend backward
   (D) negatively sloped

1. निम्नलिखित में से किसने उपयोग मूल्य और विनिमय मूल्य के बीच भेद किया है और हीरे और जल का प्रसिद्ध उदाहरण पेश किया है?
   (A) एडम स्मिथ
   (B) मार्शल
   (C) रिकार्डो
   (D) कार्ल मार्क्स

2. माँग वक्र, जो क्षैतिज अक्ष के समानान्तर है और वह मात्रा दर्शाता है जिसकी कीमत लोच निम्नलिखित के बराबर होती है –
   (A) एक
   (B) शून्य
   (C) एक से कम
   (D) अनन्त

3. एक फर्म द्वारा श्रम को भाड़े पर रखने की लागत क्या कहलाती है?
   (A) सुस्पष्ट लागत
   (B) अंतर्निहित लागत
   (C) सीमान्त लागत
   (D) कुल लागत

4. यदि एक एकाधिकारी अल्पकाल में हानि उठाता है तो फिर दीर्घकाल में वह –
   (a) वह व्यवसाय से बाहर हो जाएगा
   (b) वह व्यवसाय में ही रहेगा
   (c) न लाभ न हानि में होगा
   (d) उपर्युक्त में से कोई भी संभावित है

   (A) केवल (a)
   (B) (a) और (b)
   (C) (a) और (c)
   (D) केवल (d)

5. जब आय प्रभाव प्रतिस्थापन प्रभाव से ज्यादा शक्तिशाली हो जाता है, तो श्रम का आपूर्ति वक्र होगा –
   (A) ऊपर की ओर झुका हुआ
   (B) धनात्मक रूप से ढलवाँ
   (C) पीछे की ओर मुड़ा हुआ
   (D) ऋणात्मक रूप से ढलवाँ

6. Two convex indifference curves -
   (A) are parallel to each other.
   (B) cannot be parallel to each other.
   (C) can intersect with each other.
   (D) are L shaped.

7. The producer will substitute capital for labour till he reaches that point of isoquant at which -
   (A) marginal rate of technical substitution equals interest rate.
   (B) marginal rate of technical substitution equals the ratio of marginal productivity of labour and capital.
   (C) marginal rate of technical substitution equals marginal revenue.
   (D) the price of the good he produces equals wage rate.

8. When both the price of a substitute and the price of a complement of commodity X rises, the demand for X -
   (A) rises
   (B) falls
   (C) remains unchanged
   (D) All of the above are possible

9. A fall in the price of a commodity, whose demand curve is a rectangular hyperbola causes total expenditures on the commodity to -
   (A) falls
   (B) rises
   (C) remains unchanged
   (D) Any of the above

10. Consider the following -
   (i) the price elasticity of demand
   (ii) the income elasticity of demand
   (iii) the cross elasticity of demand
   (iv) the price elasticity of supply

   Which of the above elasticities measure a movement along a curve rather than a shift in the curve?
   (A) (i) and (ii)
   (B) (i) and (iv)
   (C) (ii) and (iii)
   (D) (iii) and (iv)

6. दो उन्नतोदर तटस्थता वक्र –
   (A) एक दूसरे के समानान्तर होते हैं।
   (B) एक दूसरे के समानान्तर नहीं हो सकते।
   (C) एक दूसरे को काट सकते हैं।
   (D) L आकृति के होते हैं।

7. उत्पादक पूँजी को श्रम से तब तक प्रतिस्थापित करेगा जब तक वो समोत्पाद वक्र के उस बिन्दु पर नहीं पहुँचता है, जहाँ –
   (A) तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमान्त दर ब्याज दर के बराबर है।
   (B) तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमान्त दर श्रम व पूँजी की सीमांत उत्पादकता के अनुपात के बराबर है।
   (C) तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमान्त दर सीमान्त आगम के बराबर है।
   (D) उसके द्वारा उत्पादित वस्तु की कीमत मजदूरी की दर के बराबर है।

8. जब X वस्तु की प्रतिस्थानापन और पूरक वस्तु दोनों की कीमत बढ़ जाए तो X वस्तु की मांग –
   (A) बढ़ेगी
   (B) गिरेगी
   (C) अपरिवर्तित रहेगी
   (D) उपर्युक्त सभी सम्भव हैं

9. किसी वस्तु की कीमत कम होने पर, जिसकी माँग वक्र एक आयताकार अधीन्द्र है, उस पर किए जाने वाले कुल व्यय पर प्रभाव होगा –
   (A) कम होगा
   (B) बढ़ेगा
   (C) अपरिवर्तित रहेगा
   (D) उपर्युक्त में से कुछ भी हो सकता है

10. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –
   (i) माँग की कीमत लोच
   (ii) माँग की आय लोच
   (iii) माँग की आड़ी लोच
   (iv) पूर्ति की कीमत लोच

   उपर्युक्त में से कौनसी लोचों का मापन वक्र के विवर्तन के बगैर वक्र के ऊपर या वक्र के साथ गति को बताता है?
   (A) (i) और (ii)
   (B) (i) और (iv)
   (C) (ii) और (iii)
   (D) (iii) और (iv)

11. At the shutdown point -

(A) Total revenue = Total variable cost

(B) Price = Average variable cost

(C) Total revenue = Total cost

(D) Total revenue < Total cost

12. What is the shape of demand curve of a firm under perfect competition?

(A) Perfectly elastic

(B) Perfectly inelastic

(C) Negatively sloped less elastic

(D) Negatively sloped more elastic

13. Which of the following has the lowest elasticity of supply?

(A) Luxury goods

(B) Necessary goods

(C) Perishable goods

(D) Giffen goods

14. In the long run, a perfectly competitive firm earns only normal profits because of -

(A) product homogeneity in the industry.

(B) large number of sellers and buyers in the industry.

(C) free entry and exit of firms in the industry.

(D) Both (A) and (B)

15. In which of the following markets the consumer surplus will be high?

(A) Monopoly

(B) Monopolistic competition

(C) Oligopoly

(D) Perfect competition

11. फर्म के काम बन्द करने के बिन्दु पर –

(A) कुल आगम और कुल परिवर्तनशील लागत बराबर होती है।

(B) कीमत और औसत परिवर्तनशील लागत बराबर होती है।

(C) कुल आगम और कुल लागत बराबर होती है।

(D) कुल आगम, कुल लागत से कम होती है।

12. पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत एक फर्म के माँग वक्र का आकार क्या होता है?

(A) पूर्णतया लोचदार

(B) पूर्णतया बेलोचदार

(C) ऋणात्मक ढाल वाला कम लोचदार

(D) ऋणात्मक ढाल वाला अधिक लोचदार

13. निम्न में से किसकी पूर्ति की लोच सबसे कम है?

(A) विलासिता की वस्तुओं की

(B) आवश्यक वस्तुओं की

(C) शीघ्रनाशक वस्तुओं की

(D) गिफिन वस्तुओं की

14. एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म दीर्घकाल में केवल सामान्य लाभ कमाती है, क्योंकि –

(A) उद्योग में वस्तुएं समरूप हैं।

(B) उद्योग में क्रेताओं व विक्रेताओं की बड़ी संख्या हैं।

(C) उद्योग में फर्मों का प्रवेश व बहिर्गमन स्वतंत्र हैं।

(D) (A) व (B) दोनों

15. निम्न में से किस बाज़ार में उपभोक्ता की बचत ज्यादा होगी?

(A) एकाधिकार में

(B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में

(C) अल्पाधिकार में

(D) पूर्ण प्रतियोगिता में

16. The Marginal Productivity Theory of distribution was propounded by -

(A) Mrs. Joan Robinson

(B) J.B. Clark

(C) David Ricardo

(D) J.M. Keynes

17. In the Ricardian Rent Theory, marginal land gives -

(A) maximum rent

(B) minimum rent

(C) economic rent

(D) zero rent

18. When $\alpha = \frac{3}{4}$ and $\beta = \frac{1}{4}$ for the Cobb-Douglas production function, returns to scale are -

(A) constant

(B) increasing

(C) decreasing

(D) first increasing and then decreasing

19. The point beyond which no rational firm would employ labour is -

(A) when the marginal product of labour is maximum

(B) when the marginal product of labour is zero

(C) when the total product of labour is zero

(D) when the average product of labour is zero

20. The sum of the marginal propensity to consume and the marginal propensity to save must be equal to -

(A) disposable income

(B) one

(C) the multiplier

(D) zero

16. वितरण के सीमान्त उत्पादकता सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया –

(A) मिसेज़ जॉन रॉबिन्सन द्वारा

(B) जे.बी. कलार्क द्वारा

(C) डेविड रिकार्डो द्वारा

(D) जे.एम. कीन्स द्वारा

17. रिकार्डो के लगान सिद्धान्त में, सीमान्त भूमि देती है –

(A) अधिकतम लगान

(B) न्यूनतम लगान

(C) आर्थिक लगान

(D) शून्य लगान

18. जब $\alpha = \frac{3}{4}$ और $\beta = \frac{1}{4}$ कॉब–डगलस उत्पादन फलन में हो, तो पैमाने के प्रतिफल है –

(A) स्थिर

(B) वृद्धिमान

(C) ह्रासमान

(D) पहले बढ़ते हुए फिर घटते हुए

19. वह बिन्दु, जिसके बाद कोई विवेकशील फर्म श्रम का नियोजन नहीं करेगी, है –

(A) जब श्रम का सीमान्त उत्पादन अधिकतम हो

(B) जब श्रम का सीमान्त उत्पादन शून्य हो

(C) जब श्रम का कुल उत्पादन शून्य हो

(D) जब श्रम का औसत उत्पादन शून्य हो

20. उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति और बचत की सीमान्त प्रवृत्ति का योग बराबर होना चाहिए –

(A) खर्च योग्य आय के

(B) एक के

(C) गुणक के

(D) शून्य के

21. The National Income is equal to -

(A) NNP at market price

(B) Net domestic product

(C) GNP-Capital consumption allowance

(D) NNP at market price – Indirect taxes + subsidy

22. In the classical model saving and investment are the function of -

(A) income

(B) price

(C) rate of interest

(D) MPC and MPS

23. If y = C+I, C = 60 + .8y and I = 20, then y will be -

(A) 40

(B) 400

(C) 4000

(D) 40000

24. A decrease in money supply under the 'Liquidity Trap' situation will -

(A) increase the investment spending

(B) decrease the level of employment

(C) increase the rate of interest

(D) have no effect on interest rate

25. In the classical model where demand function for labour $(D_L) = 170 - 3\frac{w}{p}$ and supply function of labour $(S_L) = 30 + 2\frac{w}{p}$, then full employment level and real wage rate will be -

(A) 86 and 28

(B) 28 and 86

(C) 56 and 168

(D) 168 and 56

21. राष्ट्रीय आय बराबर है –

(A) बाज़ार कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के

(B) शुद्ध घरेलू उत्पाद के

(C) सकल राष्ट्रीय उत्पादन – पूँजी उपभोग भत्ता के

(D) बाज़ार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन – अप्रत्यक्ष कर + अनुदान

22. प्रतिष्ठित मॉडल में बचत और विनियोग निम्नलिखित में से किसके फलन है?

(A) आय के

(B) कीमत के

(C) ब्याज की दर के

(D) एम.पी.सी. और एम.पी.एस. के

23. यदि y = C+I, C = 60 + .8y और I = 20 हो, तो y (आय) होगी –

(A) 40

(B) 400

(C) 4000

(D) 40000

24. 'तरलता जाल' की स्थिति में मुद्रा की पूर्ति में कमी होने पर –

(A) विनियोग व्यय बढ़ जाएगा

(B) रोजगार का स्तर कम होगा

(C) ब्याज की दर बढ़ जाएगी

(D) ब्याज की दर पर कोई प्रभाव नहीं होगा

25. प्रतिष्ठित मॉडल में जहाँ श्रम का माँग फलन $(D_L) = 170 - 3\frac{w}{p}$ और श्रम का पूर्ति फलन $(S_L) = 30 + 2\frac{w}{p}$ है, तब पूर्ण रोजगार का स्तर तथा वास्तविक मजदूरी की दर होगी –

(A) 86 और 28

(B) 28 और 86

(C) 56 और 168

(D) 168 और 56

26. What is total supply of money according to Irving Fisher?

(A) $MV + M_1V_1$

(B) $MV' + M'V$

(C) $\frac{MV+M_1V_1}{T}$

(D) $\frac{MV_1+M_1V}{T}$

27. The demand for money for speculative motive depends on the -

(A) current income

(B) current price

(C) current rate of interest

(D) quality of money

28. IF MPS is 0.8, the value of multiplier will be -

(A) 5

(B) 2

(C) 1.25

(D) 2.5

29. During stagflation -

(A) prices rise only

(B) prices and output both rise

(C) prices, output and employment rise

(D) prices rise but no increase in output and employment

30. The accelerator measures -

(A) the effect of investment on consumption

(B) the effect of consumption on investment

(C) the effect of investment on income

(D) the effect of capital formation on growth rate

31. The Keynesian consumption function explains that as income increases -

(A) APC declines and MPC remains constant

(B) APC declines but MPC rises

(C) APC increases but MPC declines

(D) Both APC and MPC remain constant

26. इरविंग फिशर के अनुसार, मुद्रा की कुल पूर्ति क्या है?

(A) $MV + M_1V_1$

(B) $MV' + M'V$

(C) $\frac{MV+M_1V_1}{T}$

(D) $\frac{MV_1+M_1V}{T}$

27. सट्टा उद्देश्य के लिए मुद्रा की माँग निर्भर करती है –

(A) चालू आय पर

(B) चालू कीमत पर

(C) चालू ब्याज की दर पर

(D) मुद्रा की मात्रा पर

28. यदि बचत की सीमान्त प्रवृत्ति 0.8 है, तो गुणक का मूल्य होगा –

(A) 5

(B) 2

(C) 1.25

(D) 2.5

29. स्टैगफ्लेशन के दौरान –

(A) केवल कीमतें बढ़ती हैं

(B) कीमतें और उत्पादन दोनों बढ़ते हैं

(C) कीमतें, उत्पादन और रोजगार बढ़ते हैं

(D) कीमतें बढ़ती हैं, लेकिन उत्पादन और रोजगार नहीं बढ़ते हैं

30. त्वरक मापक है –

(A) उपभोग पर विनियोग के प्रभाव का

(B) विनियोग पर उपभोग के प्रभाव का

(C) विनियोग का आय पर प्रभाव को

(D) वृद्धि दर पर पूँजीनिर्माण के प्रभाव का

31. कीनेसियन उपभोग फलन के अनुसार, जब आय बढ़ती हैं, तो –

(A) APC घटती हैं और MPC स्थिर रहती हैं

(B) APC घटती हैं लेकिन MPC बढ़ती हैं

(C) APC बढ़ती हैं लेकिन MPC घटती हैं

(D) APC और MPC दोनों स्थिर रहती हैं

32. M_3 is defined as -

(A) M_1 + demand deposits with banks

(B) M_1 + time deposits with banks

(C) M_1 + demand deposits and time deposits of banks

(D) M_1 + post office savings bank deposits

33. If the Reverse Bank decreases the repo rate and purchase government securities from the open market, then it will lead to -

(i) an increase in money supply

(ii) a decrease in money supply

(iii) a rise in the cost of credit

(iv) a decrease in the cost of credit

of these statements -

(A) (ii) and (iii) are correct

(B) (i) and (ii) are correct

(C) (iii) and (iv) are correct

(D) (i) and (iv) are correct

34. Which of the following is the basic cause of cyclical unemployment?

(A) A general deficiency in the demand for goods and services

(B) The inability to change occupations because of lack of skills

(C) Worker's ignorance of opportunities of employment in other occupations and districts

(D) The reluctance of workers to move to other parts of the country where there is work

35. Cost push inflation occurs when the aggregate -

(A) demand curve shifts rightward

(B) demand curve shifts leftward

(C) supply curve shifts leftward

(D) supply curve shifts rightward

32. M_3 को परिभाषित किया जा सकता है –

(A) M_1 + बैंकों के पास माँग जमा

(B) M_1 + बैंकों के पास समय जमा

(C) M_1 + बैंकों की माँग जमा और समय जमा

(D) M_1 + पोस्ट ऑफिस की बचत बैंक जमा

33. यदि रिज़र्व बैंक रेपो दर को कम करता है और खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदता है, तो इसके फलस्वरूप –

(i) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि हो जाएगी

(ii) मुद्रा की पूर्ति में कमी हो जाएगी

(iii) उधार की लागत बढ़ जाएगी

(iv) उधार की लागत कम हो जाएगी

इन कथनों में से –

(A) (ii) और (iii) सही है

(B) (i) और (ii) सही है

(C) (iii) और (iv) सही है

(D) (i) और (iv) सही है

34. चक्रीय बेरोजगारी का अधारभूत कारण निम्न में से कौनसा है?

(A) वस्तुओं व सेवाओं की माँग में सामान्य कमी

(B) दक्षता की कमी के कारण अपने व्यवसाय को बदलने में असमर्थता

(C) अन्य व्यवसायों और जिलों में रोजगार के अवसरों के प्रति मजदूरों की अनदेखी

(D) मजदूरों का देश के अन्य भागों में जाने के प्रति अनिच्छुक होना, जहां पर काम उपलब्ध है।

35. लागत प्रेरित स्फीति उत्पन्न होती हैं, जब समग्र –

(A) माँग वक्र दाहिनी ओर विवर्तित होता है

(B) माँग वक्र बायीं ओर विवर्तित हो जाता है

(C) पूर्ति वक्र बायीं ओर विवर्तित हो जाता है

(D) पूर्ति वक्र दायीं ओर विवर्तित हो जाता है

36. Main objective of selective credit control is -

(A) to prevent speculative hoarding of shares

(B) to prevent speculative hoarding of sensitive commodities

(C) to prevent bank credit to big industrial houses

(D) to prevent bank credit to government sector

37. If K = 0.10, O = 10000 units and M = ₹ 12000.00. Calculate average price of a unit of output from Marshallian equation of quantity theory of money -

(A) ₹ 120.00

(B) ₹ 12.00

(C) ₹ 8.33

(D) ₹ 1.20

38. "Inflation is unjust and deflation is inexpedient. Of the two perhaps deflation is the worse." This is the view of -

(A) J.M. Keynes

(B) J.R. Hicks

(C) Marshall

(D) A.C. Pigou

39. The Basel Committee on Banking supervision is related to -

(A) the problem of capital adequacy in banks

(B) the problem of NPA in banks

(C) the problem of liquidity in banks

(D) the problem of management in banks

40. The minimum value of correlation coefficient is -

(A) 1

(B) zero

(C) –1

(D) –2

36. चयनात्मक साख नियंत्रण का मुख्य उद्देश्य है –

(A) शेयरों की सट्टा जमाखोरी को रोकना

(B) संवदेनशील वस्तुओं की सट्टा जमाखोरी को रोकना

(C) बड़े औद्योगिक घरानों की तरफ बैंक साख को रोकना

(D) सरकारी क्षेत्र में बैंक साख को रोकना

37. यदि K = 0.10, O = 10000 इकाइयों और M = 12000.00₹ हो, तो मुद्रा परिमाण सिद्धान्त की मार्शलियन समीकरण से एक इकाई उत्पादन की औसत कीमत की गणना कीजिए –

(A) 120.00₹

(B) 12.00₹

(C) 8.33₹

(D) 1.20₹

38. "मुद्रा प्रसार अन्यायपूर्ण है तथा मुद्रा संकुचन अनुपयुक्त है। दोनों में सम्भवतः मुद्रा संकुचन अधिक खराब है।" यह मत हैं –

(A) जे.एम. कीन्स का

(B) जे.आर. हिक्स का

(C) मार्शल का

(D) ए.सी. पीगू का

39. बैंकिंग सुपरविज़न पर बेसल समिति संबंधित है –

(A) बैंकों में पूँजी पर्याप्तता की समस्या से

(B) बैंकों में एन.पी.ए. की समस्या से

(C) बैंकों में तरलता की समस्या से

(D) बैंकों में प्रबंधकीय समस्या से

40. सहसम्बन्ध गुणांक का न्यूनतम मूल्य होता है –

(A) 1

(B) शून्य

(C) –1

(D) –2

41. Which of the following test is not satisfied by the Fisher's Ideal Index Number?

(A) Time Reversal Test

(B) Factor Reversal Test

(C) Circular Test

(D) Both Time Reversal Test and Factor Reversal Test

41. निम्न में से कौनसा परीक्षण फिशर के आदर्श सूचकांक द्वारा संतुष्ट नहीं किया जाता है?

(A) समय–उत्क्राम्यता परीक्षण

(B) तत्त्व–उत्क्राम्यता परीक्षण

(C) चक्रीय परीक्षण

(D) दोनों समय–उत्क्राम्यता परीक्षण तथा तत्त्व–उत्क्राम्यता परीक्षण

42. Which of the following statement is not correct related to arithmetic mean?

(A) It is based on all the observations.

(B) It is affected by extreme values.

(C) It is the most commonly used average.

(D) The sum of deviations of items from arithmetic mean is always not equal not to zero.

42. समान्तर माध्य के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?

(A) यह सभी अवलोकनों पर आधारित है।

(B) यह चरम मूल्यों से प्रभावित होता है।

(C) यह सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला औसत है।

(D) समान्तर माध्य से मदों के विचलनों का योग सदैव शून्य के बराबर नहीं होता है।

43. The arithmetic mean of 100 items are 50. Later it was found that the value of largest item which was wrongly reported 150 is actually 160. The true mean is -

(A) 51

(B) 50.1

(C) 60

(D) 60.1

43. 100 इकाइयों का समान्तर माध्य 50 है। बाद में यह पाया गया कि सबसे बड़ी इकाई का मान जो कि गलती से 150 बताया गया था, वास्तव में 160 है। वास्तविक माध्य होगा –

(A) 51

(B) 50.1

(C) 60

(D) 60.1

44. The two lines of regression are given by $3x - 2y = 5$ and $8y - 3x = 7$. The means of x and y and the correlation coefficient between x and y are respectively -

(A) 2, 3 and 0.25

(B) 2, 3 and 0.5

(C) 3, 2 and 0.5

(D) 3, 2 and 0.25

44. दो समाश्रयण रेखाएं $3x - 2y = 5$ और $8y - 3x = 7$ द्वारा दी गई है। चर x और y के माध्य और x और y के माध्य सहसंबंध गुणांक क्रमशः है –

(A) 2, 3 और 0.25

(B) 2, 3 और 0.5

(C) 3, 2 और 0.5

(D) 3, 2 और 0.25

45. If the correlation coefficient between two variables x and y is -1, then the relation between regression coefficient of y on x (b_{yx}) and the regression coefficient of x on y (b_{xy}) is -

(A) $b_{yx} > b_{xy}$

(B) $b_{yx} < b_{xy}$

(C) $b_{yx} . b_{xy} = -1$

(D) $b_{yx} . b_{xy} = 1$

46. Between two variables x and y there will be only one line of regression if -

(A) $r = 0$

(B) $r = +1$

(C) $r = -1$

(D) $r = +1$ or -1

47. The difference method of calculating interpolation was propounded by -

(A) Lorenz

(B) Newton

(C) Sterling

(D) Pascal

48. If $P = 10 - 2x$ then MR will be -

(A) $10x - 2x^2$

(B) $10 - 4x$

(C) $\frac{10}{x} - 2$

(D) -2

49. Series $\frac{1}{5}, \frac{1}{3}, 1, -1, \frac{-1}{3}$ ..... is -

(A) A.P.

(B) G.P.

(C) H.P.

(D) None of the above

45. यदि दो चरों x और y के बीच सहसंबंध गुणांक -1 है, तो x पर y का प्रतीपगमन गुणांक (b_{xy}) और y पर x का प्रतीपगमन गुणांक (b_{yx}) के बीच सम्बन्ध है –

(A) $b_{yx} > b_{xy}$

(B) $b_{yx} < b_{xy}$

(C) $b_{yx} . b_{xy} = -1$

(D) $b_{yx} . b_{xy} = 1$

46. दो चरांक x और y के मध्य केवल एक ही प्रतीपगमन रेखा होगी, यदि–

(A) $r = 0$

(B) $r = +1$

(C) $r = -1$

(D) $r = +1$ या -1

47. अन्तर–विधि से आन्तरगणन की गणना रीति के प्रतिपादक थे –

(A) लॉरेन्ज़

(B) न्यूटन

(C) स्टर्लिंग

(D) पास्कल

48. यदि $P = 10 - 2x$ हो, तो सीमान्त आगम (MR) होगा –

(A) $10x - 2x^2$

(B) $10 - 4x$

(C) $\frac{10}{x} - 2$

(D) -2

49. श्रेणी $\frac{1}{5}, \frac{1}{3}, 1, -1, \frac{-1}{3}$ ..... है –

(A) A.P.

(B) G.P.

(C) H.P.

(D) इनमें से कोई नहीं

50. The value of a correlation is reported by a researcher to be r = –0.5, which of the following statements is correct?

(A) The x variable explains –25% of the variability in the y variable

(B) The x variable explains 25% of the variability in the y variable

(C) The x variable explains 50% of the variability in the y variable

(D) The x variable explains –50% of the variability in the y variable

51. According to Heckscher-Ohlin theory, the cause of international trade between two countries is the differences in -

(A) factor prices and factor abundance

(B) quality of factors

(C) quality of goods

(D) prices of commodities

52. Match the items of List-I with the items of List-II from the given code -

List-I		List-II	
(i)	Canons of taxation	1.	Ursula Hicks
(ii)	Canons of public expenditure	2.	Adam Smith
(iii)	Effective incidence of tax	3.	Findlay Shirras
(iv)	Benefits received approach of public expenditure	4.	Erik Lindahl

Code:

(A) (i)-2, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-4

(B) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

(C) (i)-2, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-1

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

50. एक शोधकर्ता ने यह सूचना दी कि सहसंबंध का मूल्य r = –0.5 है। निम्न में से कौनसा कथन इसके लिए सही है?

(A) y चरांक में परिवर्तन का –25% x चरांक समझता है

(B) y चरांक में परिवर्तन का 25% x चरांक समझता है

(C) y चरांक में परिवर्तन का 50% x चरांक स्पष्ट करता है

(D) y चरांक में परिवर्तन का –50% x चरांक स्पष्ट करता है

51. हेक्सचर–ओहलिन सिद्धान्त के अनुसार, दो देशों के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का कारण है –

(A) साधन कीमतों और साधन प्रचुरता में अंतर

(B) साधनों की गुणवत्ता में अन्तर

(C) वस्तुओं की गुणवत्ता में अन्तर

(D) वस्तुओं की कीमतों में अन्तर

52. सूची–I में दिये गये मदों को सूची–II में मदों के साथ मिलान कीजिये –

सूची–I		सूची–II	
(i)	कराधान के नियम	1.	उर्सुला हिक्स
(ii)	सार्वजनिक व्यय के नियम	2.	एडम स्मिथ
(iii)	प्रभावी कराभार	3.	फिण्डले शिराज़
(iv)	सार्वजनिक व्यय का लाभ प्राप्ति दृष्टिकोण	4.	एरिक लिण्डाल

कूट:

(A) (i)-2, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-4

(B) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

(C) (i)-2, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-1

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

53. In CES production function -

$$Q=M\left[\alpha X^{-P}+(1-\alpha)X_2^{-P}\right]^{\frac{-1}{P}}$$

Where Q is output and X_1 and X_2 are labour and capital elasticity of substitution is given by -

(A) $-P$

(B) $\frac{-1}{P}$

(C) $\frac{1}{(1+P)}$

(D) M

54. In linear programming problem involving two variables, multiple optimal solutions are obtained when one of the constraints is -

(A) the objective function should be parallel to a constraint that forms boundary of the feasible region.

(B) the objective function should be perpendicular to a constraint that forms the boundary of the feasible region.

(C) neither (A) nor (B)

(D) two constraints should be parallel to each other.

55. In an open economy model of input-output analysis, if A is the input coefficients matrix and (I–A) is technology matrix, the following is the viability condition to be satsified -

(A) $|I-A| \neq 0$

(B) $|I-A| > 0$

(C) $|I-A| < 0$

(D) all principal minors of the (I–A) matrix must be positive.

56. For the Cobb-Douglas production function $Q = AL^{\alpha} K^{1-\alpha}$ the elasticity of substitution is -

(A) zero

(B) infinity

(C) one

(D) A

53. सी.ई.एस. उत्पादन फलन में –

$$Q=M\left[\alpha X^{-P}+(1-\alpha)X_2^{-P}\right]^{\frac{-1}{P}}$$

Q=प्रदा (आउटपुट) X_1 तथा X_2 श्रम एवं पूँजी है। प्रतिस्थापन लोच निम्नांकित के द्वारा दी गई है–

(A) $-P$

(B) $\frac{-1}{P}$

(C) $\frac{1}{(1+P)}$

(D) M

54. दो चर की रेखीय प्रोग्रामिंग समस्या में निम्नलिखित में से कोई एक व्यवरोध स्थिति होने पर बहुविध इष्टतम समाधान प्राप्त किये जाते हैं –

(A) वस्तुपरक फलन उस अवरोध के समानान्तर होना चाहिये जो साध्य क्षेत्र की सीमा बनाता है।

(B) वस्तुपरक फलन उस अवरोध के लम्ब होना चाहिये जो साध्य क्षेत्र की सीमा बनाता है।

(C) (A) और (B) दोनों में से कोई नहीं

(D) कोई भी दो अवरोध एक दूसरे के समानान्तर होने चाहिये।

55. इनपुट–आउटपुट विश्लेषण के खुली अर्थव्यवस्था मॉडल में, यदि A आदान गुणांक मैट्रिक्स है और (I–A) प्रौद्योगिकी मैट्रिक्स है तो निम्नलिखित व्यवहार्य शर्त है जिसे पूरा किया जाना चाहिये –

(A) $|I-A| \neq 0$

(B) $|I-A| > 0$

(C) $|I-A| < 0$

(D) मैट्रिक्स (I–A) के सभी प्रधान माईनर्स पॉज़िटिव होने चाहिये।

56. कॉब डगलस का उत्पादन फलन:

$Q = AL^{\alpha} K^{1-\alpha}$ में प्रतिस्थापन लोच है –

(A) शून्य

(B) अनन्त

(C) एक

(D) A

57. Coefficient of determination of a regression model:

(1) Explains the proportion of total variation in the values of the dependent variable.

(2) It can be used to derive the estimate of the extent of variation in the value of y that is explained by the random factors.

(3) Direction of inter-relation between the dependent and independent variables.

(4) It explains the influence of the intercept on the dependent variable.

Select the correct code from the list given below -

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 1, 2

(C) 2, 4, 3

(D) 4, 1

58. Market Failure can occur because of -

(A) imperfect competition

(B) externalities

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

59. **Assertion (A)** – In Solow's growth model under equilibrium conditions capital labour ratio does not change.

Reason (R) – Substitution between capital and labour is possible.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

60. Vertical equity in the distribution of tax burden can be best achieved by adopting -

(A) Proportional tax structure

(B) Regressive tax structure

(C) Deregressive tax structure

(D) Progressive tax structure

57. प्रतीपगमन मॉडल निर्धारण के गुणांक:

(1) आश्रित चर के मानों में, कुल परिवर्तन के अनुपात कि व्याख्या करता है।

(2) आश्रित चर y के परिवर्तनों पर दैविक घटकों के प्रभाव का आकलन किया जा सकता है।

(3) स्वतंत्र और आश्रित चर के बीच अन्तः संबंध की दिशा

(4) आश्रित चर पर अन्तः खण्ड के प्रभाव की व्याख्या करता है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन करें –

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 1, 2

(C) 2, 4, 3

(D) 4, 1

58. बाज़ार की विफलता हो सकती है, क्योंकि –

(A) अपूर्ण प्रतिस्पर्द्धा के कारण

(B) बाह्यताओं के कारण

(C) (A) और (B) दोनों के कारण

(D) न तो (A) के कारण और ना ही (B) के कारण

59. **अभिकथन (A)** – सोलो के वृद्धि मॉडल में संतुलन की स्थिति में पूँजी–श्रम अनुपात में परिवर्तन नहीं होता है।

कारण (R) – पूँजी व श्रम के बीच प्रतिस्थापन संभव है।

(A) (A) व (R) दोनों सही है, व (R), (A) का सही कारण है।

(B) (A) व (R) दोनों सही है, किन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं है।

(C) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

(D) (R) सही है लेकिन (A) सही नहीं है।

60. कर भार वितरण में ऊर्ध्व समता सर्वोत्तम प्रकार से प्राप्त की जा सकती है –

(A) आनुपातिक कर संरचना अपनाकर

(B) प्रतिगामी कर संरचना अपनाकर

(C) अधोगामी कर संरचना अपनाकर

(D) प्रगतिशील कर संरचना अपनाकर

61. The theory of international trade given by Adam Smith is based on -

(A) absolute difference in costs

(B) comparative difference in costs

(C) both comparative and absolute difference in costs

(D) None of the above

62. There is incomplete specialization in production when country faces -

(A) constant opportunity costs

(B) decreasing opportunity costs

(C) increasing opportunity costs

(D) indeterminate opportunity costs

63. Which of the following is a capital receipts in the Government Budget?

(A) Interest receipts on loans given by the Government to other parties

(B) Borrowings of the Government from the public

(C) Dividend and profit of public enterprises

(D) Property tax receipts

64. Maximum social advantage is achieved when -

(A) Total social sacrifice = Total social benefits

(B) Marginal social sacrifice = Marginal social benefits

(C) Net social sacrifice = Net social benefits

(D) Average social sacrifice = Average social benefits

65. Which of the following growth model(s) assume(s) Neutral Technical Progress?

(A) Harrod Model

(B) Solow Model

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

61. एडम स्मिथ द्वारा दिया गया अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का सिद्धान्त आधारित है –

(A) निरपेक्ष लागत अन्तर पर

(B) तुलनात्मक लागत अन्तर पर

(C) तुलनात्मक लागत अन्तर और निरपेक्ष लागत अन्तर दोनों पर

(D) उपर्युक्त में से किसी पर नहीं

62. उत्पादन में अपूर्ण विशिष्टीकरण की स्थिति है जब देश का सामना होता है –

(A) स्थित अवसर लागत से

(B) घटती अवसर लागत से

(C) बढ़ती अवसर लागत से

(D) अनिर्धारित अवसर लागत से

63. सरकार के बजट में निम्न में से कौनसी पूँजीगत प्राप्ति है?

(A) सरकार द्वारा अन्य पार्टियों को दिये गये ऋणों पर ब्याज की प्राप्ति

(B) सरकार द्वारा जनता से ली गई उधार

(C) सार्वजनिक उपक्रमों के लाभ और लाभांश

(D) सम्पत्ति कर प्राप्तियाँ

64. अधिकतम सामाजिक लाभ प्राप्त किया जाता है, जब –

(A) कुल सामाजिक त्याग = कुल सामाजिक लाभ

(B) सीमान्त सामाजिक त्याग = सीमान्त सामाजिक लाभ

(C) शुद्ध सामाजिक त्याग = शुद्ध सामाजिक लाभ

(D) औसत सामाजिक त्याग = औसत सामाजिक लाभ

65. निम्न में से कौनसा/से वृद्धि मॉडल तटस्थ तकनीकी प्रगति की मान्यता मानते हैं?

(A) हैरोड मॉडल

(B) सोलो मॉडल

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न तो (A) और ना ही (B)

66. In Solow's growth model, the output per capita is a function of -

(A) labour-output ratio

(B) capital-output ratio

(C) technical progress

(D) capital-labour ratio

67. Which of the following is the cause of disequilibrium between warranted rate of growth and actual rate of growth in the Harrod model?

(A) Discrepancy between ex-ante investment and ex-post investment.

(B) Discrepancy between ex-ante investment and ex-ante savings.

(C) Discrepancy between ex-ante savings and ex-post savings.

(D) Discrepancy between ex-post investment and ex-post savings.

68. Which of the followings option(s) is/are true for National Action Plan for climate change in India?

(A) It was launched in 2008.

(B) It has 8 vertical missions for pollution control.

(C) Both (A) and (B) are true

(D) Neither (A) nor (B) is true

69. Which one of the following statements is correct?

(A) Global warming is simply another term for green house effect.

(B) Global warming is an entirely natural phenomenon.

(C) Global warming means melting down of glaciers.

(D) Global warming is the rise in average temperature at earth's surface.

66. सोलो के वृद्धि मॉडल में प्रति व्यक्ति उत्पादन फलन है –

(A) श्रम–उत्पादन अनुपात का

(B) पूँजी–उत्पाद अनुपात का

(C) तकनीकी प्रगति का

(D) पूँजी–श्रम अनुपात का

67. हैरड मॉडल में वांछनीय वृद्धि दर और वास्तविक वृद्धि दर के बीच असंतुलन का निम्नलिखित में से कौनसा कारण है?

(A) प्रत्याशित विनियोग और वास्तविक विनियोग में विसंगति।

(B) प्रत्याशित विनियोग और प्रत्याशित बचत के बीच विसंगति।

(C) प्रत्याशित बचत और वास्तविक बचत में विसंगति।

(D) वास्तविक विनियोग और वास्तविक बचत में विसंगति।

68. भारत में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना के लिये निम्न विकल्पों में से कौनसा सही है?

(A) इसे 2008 में शुरू किया गया।

(B) इसमें प्रदूषण नियन्त्रण के लिये 8 ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) मिशन है।

(C) (A) और (B) दोनों सत्य हैं

(D) न तो (A) और ना ही (B) सही हैं

69. निम्न कथनों में से कौनसा सही है?

(A) ग्रीन हाउस प्रभाव का ही दूसरा नाम ग्लोबल वार्मिंग है।

(B) ग्लोबल वार्मिंग पूर्ण रूप से एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

(C) ग्लोबल वार्मिंग से तात्पर्य ग्लेशियर्स के पिघलने से है।

(D) ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी की सतह पर औसत तापमान में वृद्धि है।

70. Hirschman and other economists like him placed for -

(A) balanced growth

(B) unbalanced growth

(C) agricultural growth

(D) industrial growth

71. Lewis means by an unlimited supply of labour -

(A) the supply of labour is more than the demand for labour.

(B) the supply of labour at the subsistence wages is greater than demand.

(C) infinite labour is available at whatever wages.

(D) Population growth rate is high in developing countries.

72. Trade in invisible refers to -

(A) trade in services

(B) trade in military goods

(C) unrecorded trade

(D) smuggling

73. The premise, that benefit of economic growth will reach all sections of population is called -

(A) trickle up effect

(B) take off effect

(C) trickle down effect

(D) backlash effect

74. The concept of mixed economy envisages -

(A) integrated and balanced economic development

(B) balanced development of agriculture and industry

(C) equal importance of economic and social values

(D) co-existence of public and private sectors

70. हिर्शमैन और उसके जैसे अन्य अर्थशास्त्री समर्थन करते हैं –

(A) संतुलित वृद्धि का

(B) असंतुलित वृद्धि का

(C) कृषि वृद्धि का

(D) औद्योगिक वृद्धि का

71. श्रम की असीमित पूर्ति से ल्युइस का तात्पर्य है –

(A) श्रम की माँग से श्रम की पूर्ति ज्यादा है।

(B) जीवन निर्वाह स्तर की मजदूरी पर श्रम की पूर्ति उसकी माँग से अधिक है।

(C) मजदूरी की किसी भी दर पर असीमित श्रम उपलब्ध है।

(D) विकासशील देशों में जनसंख्या की वृद्धि दर ऊँची है।

72. अदृश्य मदों के व्यापार से अभिप्राय है –

(A) सेवाओं का व्यापार

(B) सैनिक वस्तुओं का व्यापार

(C) वह व्यापार जो अभिलिखित नहीं है

(D) तस्करी

73. यह धारणा कि आर्थिक संवृद्धि का लाभ जनसंख्या के सभी वर्गों को पहुंचेगा, क्या कहलाती है?

(A) ट्रिकल–अप प्रभाव

(B) टेक–ऑफ प्रभाव

(C) ट्रिकल–डाउन प्रभाव

(D) (प्रतिप्रभाव) बैकलैश प्रभाव

74. मिश्रित अर्थव्यवस्था की अवधारणा बताती है –

(A) समन्वित और संतुलित आर्थिक विकास

(B) कृषि व उद्योगों का सन्तुलित विकास

(C) आर्थिक व सामाजिक मूल्यों का समान महत्त्व

(D) सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का सह–अस्तित्व

75. Disinvestment means -

(A) Nationalisation of industries

(B) more Government investment

(C) less Government investment

(D) selling out public sector industry to private sector

76. Which one of the following committees recommended to establish The National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) in India?

(A) Sivaraman Committee

(B) Narsimham Committee

(C) Chakravarty Committee

(D) Abhijit Sen Committee

77. The share of agriculture in the GDP of India has declined over the years. Which of the following is not a correct reason for this?

(A) Relatively faster rate of growth of non-agricultural sectors in the economy.

(B) Stagnant or slow growth in yield of agriculture commodities.

(C) Educated rural youths are not opting for agriculture as an occupation.

(D) Law value addition in case of agricultural commodities.

78. Which of the following is the main objective of Atal Bhujal Scheme of Government of India?

(A) To provide drinking water in rural areas.

(B) To focus on better management of ground water as well as to prevent its reducing level.

(C) To increase water availability for irrigation.

(D) To solve the problem of water logging and salinity in India.

75. अविनियोग से तात्पर्य है –

(A) उद्योगों का राष्ट्रीयकरण

(B) अधिक सरकारी विनियोग

(C) कम सरकारी विनियोग

(D) सार्वजनिक क्षेत्र उद्योगों को निजी क्षेत्र को बेचना

76. भारत में कृषि और ग्रामीण विकास के राष्ट्रीय बैंक (नाबार्ड) की स्थापना की सिफारिश निम्न में से किस समिति ने की थी?

(A) शिवरमन समिति

(B) नरसिम्हम समिति

(C) चक्रवर्ती समिति

(D) अभिजीत सेन समिति

77. पिछले वर्षों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि के हिस्से में कमी आई है। इसके लिये निम्न में से कौनसा कारण सही नहीं है?

(A) अर्थव्यवस्था में गैर कृषि क्षेत्र की तुलनात्मक रूप से तीव्र वृद्धि दर।

(B) कृषिगत वस्तुओं की उपज में स्थिर या धीमी वृद्धि।

(C) शिक्षित ग्रामीण युवाओं का कृषि को व्यवसाय के रूप में नहीं अपनाना।

(D) कृषिगत वस्तुओं के मामले में निम्न मूल्य संवर्धन।

78. भारत सरकार की अटल भूजल योजना का मुख्य उद्देश्य निम्न में से कौनसा है?

(A) ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी उपलब्ध कराना।

(B) भूजल के बेहतर प्रबन्धन के साथ–साथ इसके घटते स्तर को रोकना।

(C) सिंचाई के लिये जल की उपलब्धता में वृद्धि करना।

(D) भारत में जलभराव और लवणता की समस्या का समाधान करना।

79. Stand up India Scheme is envisaged -

(A) for concessional financing for long term to entrepreneurs.

(B) for giving interest free loans for start-ups.

(C) for promoting entrepreneurship among SC/ST and women entrepreneurs.

(D) for providing technical assistance and training to new entrepreneurs.

80. Which of the following are rabi season oil seed crops in Rajasthan?

(A) Mustard, taramira and linseed

(B) Sesamum, soyabean, castor seed and groundnut

(C) Soyabean, mustard and castor seed

(D) Mustard, groundnut, seamum and linseed

81. As per Agriculture Census 2015-16, average size of operational land holdings in Rajasthan was -

(A) 2.18 hectare

(B) 2.73 hectare

(C) 3.54 hectare

(D) 4.67 hectare

82. Which of the following statement is not true for PM-KISAN scheme of India?

(A) PM-KISAN is a central sponsored scheme.

(B) The scheme has become operational from 1.12.2017.

(C) State Government administration will identify the eligible farmer families.

(D) The fund will be directly transferred to the bank accounts of beneficiaries.

79. स्टैण्ड–अप इण्डिया योजना में परिकल्पना की गई है, कि –

(A) उद्यमियों को दीर्घकाल के लिये रियायती वित्तीय सहायता प्रदान की जाये।

(B) स्टार्ट–अप के लिये ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जायें।

(C) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिला उद्यमियों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाये।

(D) नये उद्यमियों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

80. राजस्थान में निम्न में से कौनसी रबी मौसम की तिलहन फसलें हैं?

(A) सरसों, तारामीरा एवं अलसी

(B) तिल, सोयाबीन, अरण्डी व मूंगफली

(C) सोयाबीन, सरसों एवं अरण्डी

(D) सरसों, मूंगफली, तिल एवं अलसी

81. कृषि गणना 2015–16 के अनुसार, राजस्थान में ऑपरेशनल भू जोतों का औसत आकार था –

(A) 2.18 हैक्टेयर

(B) 2.73 हैक्टेयर

(C) 3.54 हैक्टेयर

(D) 4.67 हैक्टेयर

82. निम्नलिखित में से कौनसा कथन भारत की पी.एम. किसान योजना के लिये सत्य नहीं है?

(A) पी.एम. किसान केन्द्र प्रवर्तित योजना है।

(B) यह योजना 1.12.2017 से कार्यशील है।

(C) पात्र किसान परिवारों की पहचान राज्य सरकार प्रशासन के द्वारा की जायेगी।

(D) लाभ का हस्तान्तरण सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में किया जायेगा।

83. Which of the following State of India became the first State in the world to become fully organic farming?

(A) Uttarakhand

(B) Tripura

(C) Jharkhand

(D) Sikkim

83. भारत का निम्न में से कौनसा राज्य विश्व का प्रथम पूर्ण जैविक कृषि वाला राज्य बन गया है?

(A) उत्तराखण्ड

(B) त्रिपुरा

(C) झारखण्ड

(D) सिक्किम

84. The aim of 'Aravalli Afforestation Project' initiated by Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) Japan in the year 1992 was -

(i) Restoration of forests in Aravallies.

(ii) Water resource conservation by constructing anicuts.

(iii) Control land erosion and illegal mining.

(iv) All points mentioned above.

(A) (i) and (ii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (i) and (iii)

(D) (iv)

84. वर्ष 1992 में समुद्र पारीय आर्थिक सहयोग निधि (OECF) जापान द्वारा आरम्भ 'अरावली वृक्षारोपण परियोजना' का उद्देश्य बतायें –

(i) अरावली पर्वत प्रदेश को हरा–भरा रखना।

(ii) एनिकट का निर्माण कर जल संसाधन का संरक्षण करना।

(iii) भूमि का कटाव तथा अवैध खनन को रोकना।

(iv) उपरोक्त वर्णित सभी।

(A) (i) तथा (ii)

(B) (ii) तथा (iii)

(C) (i) तथा (iii)

(D) (iv)

85. STARS is a World Bank funded project being implemented is Rajasthan. This project aims -

(A) to improve the quality and governance of school education.

(B) to improve the quality and governance in the engineering colleges.

(C) to strengthen information technology sector in the state.

(D) to provide technical training to new entrepreneurs.

85. 'स्टार्स' एक विश्वबैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना है, जिसे राजस्थान में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य है –

(A) स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासन में सुधार करना।

(B) इंजीनियरिंग कॉलेजों की गुणवत्ता और प्रशासन में सुधार करना।

(C) राज्य में सूचना तकनीक क्षेत्र को मजबूत बनाना।

(D) नये उद्यमियों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना।

86. How long is the Delhi-Vadodara Greenfield Expressway in Rajasthan?

(A) 342 km

(B) 374 km

(C) 408 km

(D) 456 km

86. दिल्ली–वडोदरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे की लम्बाई राजस्थान में कितनी है?

(A) 342 कि.मी.

(B) 374 कि.मी.

(C) 408 कि.मी.

(D) 456 कि.मी.

87. Under Right to Free and Compulsory Education Act, 2009 how many seats are reserved in private schools for boys/girls of weaker sections and disadvantaged groups in Rajasthan?

(A) 25 percent

(B) 20 percent

(C) 15 percent

(D) 10 percent

88. Which of the following is known as paper gold?

(A) Dollar

(B) Euro Currency

(C) Special Drawing Rights

(D) Euro Dollar

89. Which type of the following financial assistance is not provided by the World Bank?

(A) For modernisation of Railways

(B) For power projects

(C) For improving balance of payments

(D) For the development of National Highways

90. The main objective of providing support price to agricultural commodities is -

(A) to make procurement from the farmers compulsory.

(B) to check fall in price beyond a certain limit.

(C) to make procurement from the wholesale market easy.

(D) to protect the interest of consumers.

91. Who is the chairman of the 16th Finance Commission of India?

(A) Shri N.K. Singh

(B) Dr. Y.V. Reddy

(C) Dr. Vijay Kelkar

(D) Shri Arvind Panagariya

87. नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत राजस्थान में निजी विद्यालयों में कमज़ोर वर्गों और वंचित वर्गों के बालक/बालिकाओं के लिये कितनी सीटें आरक्षित की गई हैं?

(A) 25 प्रतिशत

(B) 20 प्रतिशत

(C) 15 प्रतिशत

(D) 10 प्रतिशत

88. निम्न में से किसको कागज़ी सोना कहते है?

(A) डॉलर

(B) यूरो करेन्सी

(C) विशेष आहरण अधिकार

(D) यूरो डॉलर

89. विश्व बैंक द्वारा निम्न में से किस प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं दी जाती है?

(A) रेल्वे के आधुनिकीकरण के लिये

(B) ऊर्जा परियोजनाओं के लिये

(C) भुगतान संतुलन में सुधार के लिये

(D) राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिये

90. कृषिगत वस्तुओं को समर्थन कीमत प्रदान करने का उद्देश्य है –

(A) किसानों से खरीद को अनिवार्य करना।

(B) एक सीमा से नीचे कीमतों को गिरने से रोकना।

(C) थोकबाज़ार में खरीद को आसान बनाना।

(D) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना।

91. भारत के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) श्री एन.के. सिंह

(B) डॉ. वाई.वी. रेड्डी

(C) डॉ. विजय केलकर

(D) श्री अरविन्द पनगढ़िया

92. Which one of the following types of deficit accounts for the largest share in Government of India Budget?

(A) Budgetary deficit

(B) Revenue deficit

(C) Fiscal deficit

(D) Primary deficit

93. Which State of India was the first State to adopt Panchayati Raj System in 1959?

(A) Andhra Pradesh

(B) Rajasthan

(C) Maharashtra

(D) Odisha

94. Which one of the following measures is not likely to assist in improving India's balance of payment position?

(A) Promotion of import substitution policy

(B) Devaluation of rupee

(C) Imposition of higher tariff on imports

(D) Levying of higher duties on exports

95. Who is the Grand old man of India?

(A) Mahatma Gandhi

(B) Sardar Vallabh Bhai Patel

(C) Dadabhai Naoroji

(D) Gopal Krishna Gokhale

96. Who said first, 'Workers of the world unite'?

(A) Karl Marx

(B) Stalin

(C) Lenin

(D) Khrushchev

92. भारत सरकार के बजट में निम्न में से कौनसा घाटा सबसे अधिक है?

(A) बजट घाटा

(B) राजस्व घाटा

(C) राजकोषीय घाटा

(D) प्राथमिक घाटा

93. 1959 में पंचायती राज व्यवस्था अपनाने वाला भारत का प्रथम राज्य कौनसा था?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) महाराष्ट्र

(D) उड़ीसा

94. निम्न उपायों में से कौनसा भारतीय भुगतान संतुलन की स्थिति को सुधारने में सक्षम नहीं है?

(A) आयात प्रतिस्थापन नीति को बढ़ावा

(B) रुपये का अवमूल्यन

(C) आयातों पर अधिक कर लगाना

(D) निर्यातों पर अधिक कर लगाना

95. भारत के वृद्ध पितामह कौन हैं?

(A) महात्मा गांधी

(B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(C) दादाभाई नारोजी

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

96. सबसे पहले यह किसने कहा कि 'विश्व के मजदूरों एकजुट हो जाओ'?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) स्टालिन

(C) लेनिन

(D) ख्रूश्चैव

97. Who is known as the father of Economics?

(A) Adam Smith

(B) Marshall

(C) Robbins

(D) J.K. Mehta

98. Which of the following concept was discussed first by Dadabhai Naoroji in pre-independent India?

(A) Subsistence level of wages

(B) Poverty line

(C) Surplus money

(D) Population growth

99. Malthus mainly associated with -

(A) Wage Theory

(B) Rent Theory

(C) Population Growth Theory

(D) National Income Theory

100. The view of 'Dialectical materialism' was given by -

(A) Robert Owen

(B) Ricardo

(C) Adam Smith

(D) Karl Marx

97. अर्थशास्त्र में पिता के रूप में किसे जाना जाता है?

(A) एंडम स्मिथ

(B) मार्शल

(C) रॉबिन्सन

(D) जे.के. मेहता

98. स्वतन्त्रता पूर्व भारत में दादाभाई नारोजी द्वारा सबसे पहले निम्न में से कौनसी अवधारणा पर विचार किया गया?

(A) जीवन निर्वाह स्तर की मजदूरी

(B) गरीबी की रेखा

(C) मुद्रा का अतिरेक

(D) जनसंख्या वृद्धि

99. माल्थस मुख्यतया सम्बन्धित था –

(A) मजदूरी सिद्धान्त

(B) लगान सिद्धान्त

(C) जनसंख्या वृद्धि सिद्धान्त

(D) राष्ट्रीय आय सिद्धान्त

100. 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' का विचार दिया गया –

(A) रॉबर्ट ओवन द्वारा

(B) रिकार्डो द्वारा

(C) एडम स्मिथ द्वारा

(D) कार्ल मार्क्स द्वारा

Space for Rough Work /रफ कार्य के लिये जगह